पत्रांकः-भ0/स्था-04-विविध-02/2026.........5972(अ)......../

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

**कुमार अनुराग** भा.प्र.से.,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी मुख्य अभियंता,**
**सभी अधीक्षण अभियंता,**
**सभी कार्यपालक अभियंता,**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार।**

पटना, दिनांकः- 30/6/26

**विषयः-** पेंशन एवं सेवान्त लाभ के लंबित मामलों की समीक्षा हेतु मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

**प्रसंगः-** विभागीय पत्रांक-2825, दिनांक-23.03.2026, पत्रांक-8484 दिनांक-10.09.2025, पत्रांक-10363 दिनांक-17.12.2024 एवं पत्रांक-5441 अनु0 दिनांक-19.07.2024.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि वित्त विभाग, बिहार, पटना के स्तर पर पेंशन, सेवांत लाभ एवं नई पेंशन योजना (NPS) से संबंधित लंबित मामलों की गहन समीक्षा की जा रही है जिसमें विभाग द्वारा मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन पर आधारित समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाता है। परन्तु पूर्व में बार-बार निदेशित किये जाने के बावजूद कतिपय कार्यालयों को छोड़कर अधिकांश कार्यालयों से उक्त मामलों से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो रहे हैं, जिस कारण विभागीय स्तर पर समेकित समीक्षा किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। आपके स्तर से उक्त प्रतिवेदन ससमय विभाग को उपलब्ध कराया जाना अत्यावश्यक है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में पुनः अनुरोध है कि सेवान्त लाभ के लंबित मामलों के संबंध में यथानिर्दिष्ट विहित प्रपत्र (I से V) में वांछित प्रतिवेदन निश्चित रूप से प्रत्येक माह की 15 तारीख से पहले विभाग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन,

25/06/26

(कुमार अनुराग)
सरकार के संयुक्त सचिव।